# महामना शिक्षण संस्थान

## भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ



**प्रवेश हेतु:- आवेदन की अंतिम तिथि 05 जून-2025, लिखित परीक्षा की तिथि 15 जून-2025**

**आर्थिक दृष्टि से कमजोर मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क पूर्ण आवासीय IIT(JEE)/NEET(PMT) कोचिंग प्रकल्प**

## ✤ निःशुल्क सुविधाएँ ✤

संस्थान द्वारा छात्र/छात्राओं को लिए निःशुल्क छात्रावास, भोजन, कंप्यूटर, इंटरनेट, आधुनिकतम पाठ्य सामग्री, कक्षा 11 व 12 की संस्कारयुक्त स्कूली शिक्षा के साथ IIT(JEE)/NEET(PMT) की कोचिंग,
IIT(JEE)/NEET(PMT) में चयन के पश्चात् (B.Tech/M.B.B.S.) उच्च शिक्षा हेतु निरन्तर सहयोग एवं मार्गदर्शन

## ऑनलाइन आवेदन करें सत्र 2025-2026

**Website:- www.mahamanasansthan.org**

## आवेदन की अर्हता

- वे छात्र - छात्राएं जो कक्षा 10 वीं से प्रोन्नत होकर 11 वीं में प्रवेश लेने वाले है
- वे छात्र - छात्राएं जिनके 10 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हों
- परिवार की वार्षिक आय सभी स्त्रोंतो से रु० 3.5 लाख से अधिक न हो

## ✤संपर्क सूत्र✤

Email ID(मुख्य संवाद माध्यम ):- query.mmss@gmail.com
दूरभाष नंबर:- 0522-4623028 (प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक)
महामना शिक्षण संस्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर,
962 सरसवां, अर्जुनगंज, लखनऊ -226002

# महामना शिक्षण संस्थान

## (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

'' आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पूर्ण आवासीय IIT (JEE) / NEET (PMT) कोचिंग प्रकल्प''

Website : www.mahamanasansthan.org

पत्रांक : 118-2025-26 दिनांक : 01-05-2025

## आवेदन प्रक्रिया- (2025-26)

### ❖ निःशुल्क सुविधाएं :-

महामना शिक्षण संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क छात्रावास, भोजन, पुस्तकालय, कंप्यूटर, इंटरनेट,आधुनिकतम पाठ्य सामग्री एवं कक्षा 11 एवं 12 की संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ-साथ ***Rubics Rosturm Coaching Institute*** द्वारा IIT(JEE)/NEET(PMT)की तैयारी कराई जाती है।विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है,जिससे उनके अंदर राष्ट्र प्रेम एवं जन कल्याण की भावना का संचार हो सके। इसके अतिरिक्त आई.आई.टी. एवं मेडिकल के पूर्व छात्र जो वर्तमान समय में समाज में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, विषय विशेषज्ञों तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा संस्थान के छात्र / छात्राओं का निरंतर मार्गदर्शन किया जाता है। अभी तक संस्थान से निकले 50 से अधिक छात्र -छात्राएं देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से बी.टेक/ एम.बी. बी.एस की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे है। उनके उच्च शिक्षा हेतु भी संस्थान द्वारा आर्थिक सहायता के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से निरंतर करियर मार्गदर्शन प्रदान की जाती है। हर्ष का विषय है कि संस्थान के प्रथम बैच के विद्यार्थी उच्च शिक्षा में अध्यनरत रहते हुए बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अच्छे पद पर चयनित हो चुके है।

### ❖ आवेदन हेतु अर्हताएं :-

- केवल वे ही छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं, जो हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2025 में 80% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं, तथा कक्षा 11वीं में इसी वर्ष विज्ञान वर्ग (PCM/PCB) प्रवेश लेने वाले हैं ।
- परिवार की वार्षिक आय (सभी स्रोतों से) रुपए 3,50000/-( तीन लाख पचास हजार रुपए) से अधिक न हो।

### ❖ संस्थान द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया :-

- संस्थान की आवेदन प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन है।
- प्रवेश प्रक्रिया अत्यंत ही सरल, स्वतः स्पष्ट एवं पारदर्शी है।ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने में मात्र 10 मिनट लगेंगे।
- प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया **01 मई 2025** से संस्थान की वेबसाइट **www.mahamanasansthan.org** पर उपलब्ध है ।
- प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की **अंतिम तिथि 05 जून 2025** है।
- प्रवेश परीक्षा हेतु प्राप्त आवेदनों में से लिखित परीक्षा हेतु अर्ह छात्र / छात्राओं की सूची संस्थान की वेबसाइट पर **दिनांक 08 जून 2025** तक जारी होगी। वेबसाइट पर जारी सूची में जिन छात्र / छात्राओं का नाम होगा वे ही लिखित परीक्षा में सम्मिलित हो पाएंगे।

महामना शिक्षण संस्थान सी-91, निराला नगर लखनऊ उ०प्र०-226020 भाऊराव देवरस सेवा न्यास

- **लिखित परीक्षा दिनांक 15 जून 2025 दिन रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर क्यू ,अलीगंज, लखनऊ- 226024 में प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक होगी।**
- आवेदन पत्र ऑनलाइन ही भरे जाएंगे, फॉर्म को भरने के लिए कंप्यूटर (डेस्कटॉप/ लैपटॉप) का ही उपयोग करें।कृपया आवेदन प्रपत्र मोबाइल द्वारा न भरे।जरूरी हो तो नजदीकी जन सेवा केंद्र ,साइबर कैफे की सहायता लें।आवेदन सबमिट करने के तुरंत बाद प्रिंट आउट प्राप्त करें।अन्य किसी प्रकार से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- आवेदन प्रपत्र सबमिट (Submit) करते ही आपके मोबाइल नंबर पर सफल आवेदन का सन्देश प्राप्त होगा, तथा आवेदन में दिए हुए ईमेल पर आवेदन प्रपत्र की एक पीडीऍफ़ कॉपी प्राप्त होगी। वैकल्पिक रूप से अपने ईमेल से भी आवेदन प्रपत्र का प्रिंट निकाल सकते है।
- लिखित प्रवेश परीक्षा में IIT(JEE)की तैयारी करने वाले विद्यार्थी कक्षा 9 व 10 स्तर की विज्ञान, गणित तथा NEET(PMT) की तैयारी करने वाले विद्यार्थी विज्ञान, जीव विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा में सफलता हेतु अच्छी तैयारी करके ही आएं।
- लिखित परीक्षा का मॉडल पेपर (PCM/PCB) दोनों वर्गो हेतु वेबसाइट पर एडमिशन (Admission) फोल्डर में उपलब्ध है।
- नीट परीक्षा 2027 देने के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का जन्म 31 दिसंबर 2010 के बाद न हुआ हो।
- लिखित परीक्षा का परिणाम लिखित परीक्षा के 1 सप्ताह के भीतर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसके पश्चात साक्षात्कार की तिथि, समय, एवं स्थान वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा।
- साक्षात्कार के समय चयनित अभ्यर्थियों को नीचे लिखे अभिलेखों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
- साक्षात्कार में सफल छात्र / छात्राओं की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।
- साक्षात्कार में सफल छात्र/छात्राओं के भौतिक सत्यापन हेतु संस्थान के सदस्यों द्वारा छात्र/छात्राओं के घर / परिवार का भौतिक मूल्यांकन करने के बादअंतिम रूप से चयनित छात्र/छात्राओं की लिस्ट वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

## -: आवश्यक प्रपत्र :-

- **लिखित परीक्षा कक्ष में निम्नलिखित प्रमाण पत्रों के सत्यापित छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।**

- वेबसाइट में भरे आवेदन पत्र का प्रिंट आउट ।
- कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा की प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित मार्कशीट ।
- कक्षा दसवी का अंक प्रमाण पत्र ( यदि बोर्ड ने जारी किया हो )
- आय प्रमाण पत्र ( तहसीलदार द्वारा जारी )

महामना शिक्षण संस्थान
सी-91, निराला नगर लखनऊ उ0प्र0-226020
(भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

- आपके क्षेत्र के दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों (प्रधानाचार्य, ग्राम प्रधान, नगर पंचायत/ नगरपालिका अध्यक्ष ,सभासद , रजिस्टर्ड चिकित्सक या राजपत्रित अधिकारी आदि ) द्वारा संस्तुति /अनुशंसा पत्र उनके लेटर पैड पर बनवा के लाएं।
- आधार कार्ड ( मूल एवं छाया प्रति )
- अपनी पासपोर्ट साइज दो फोटो।

## ❖ महत्वपूर्ण सूचनाएँ :-

- **चयन संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया में संस्थान के चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम माना जाएगा।**
- **संस्थान में विद्यार्थियों के द्वारा मोबाइल का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।**
- **आवेदन प्रपत्र भरते समय किसी भी समस्या के लिए हमें हिंदी/अंग्रेजी में ई-मेल query.mmss@gmail.com पर कर सकते है। आप के समस्या का समुचित समाधान संस्थान द्वारा अविलम्ब किया जायेगा।**
- **प्रवेश प्रक्रिया या संस्थान के बारे में जानकारी के लिए या किसी तकनीकी समस्या हेतु संवाद करने के लिए हम ईमेल माध्यम को ही प्रोत्साहित करते हैं।**
- **यद्यपि संस्थान और चयन प्रक्रिया से सम्बंधित सभी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है, तथापि अधिक जानकारी हेतु अथवा विशेष परिस्थितियों में अधोलिखित दूरभाष का प्रयोग कार्यालय अवधि (10:00 AM-05:00 PM) में कर सकते हैं।**

## -:सम्पर्क सूत्र :-


**कार्यालय महामना शिक्षण संस्थान :–**

**ईमेल-आई.डी :- query.mmss@gmail.com**

**दूरभाष नंबर :- 0522 4623028**

**महामना शिक्षण संस्थान,962 पं०-दीनदयाल उपाध्याय नगर, अर्जुनगंज, लखनऊ - 226002**


महामना शिक्षण संस्थान
सी-91, निराला नगर लखनऊ उ0प्र0-226020
(भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

# <u>सफल छात्रों के विचार</u>



**अनुराग गौतम, काकोरी,**
**लखनऊ (उत्तर प्रदेश)**

## <u>मेरा अनुभव – एक विद्यार्थी के रूप में-</u>

मैं एक अत्यंत साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आता हूँ। बचपन से मेरा सपना था कि मैं **IIT** में पढ़ाई करूं और देश का एक कुशल इंजीनियर बनूं। मैंने अपने इस लक्ष्य की ओर सतत परिश्रम किया और *हाई स्कूल* की परीक्षा में *91%* अंक प्राप्त किए। किन्तु जब उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ाने की बात आई, तो आर्थिक तंगी एक बड़ी बाधा बनकर सामने खड़ी हो गई। संसाधनों के अभाव में मेरा सपना धीरे-धीरे धुंधलाने लगा। उसी कठिन समय में मुझे *महामना शिक्षण संस्थान (अर्जुनगंज, लखनऊ)* के विषय में जानकारी मिली, जो कि मेरे लिए एक आशा की किरण बनकर आया।

यह संस्थान 80% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को *निःशुल्क आवास, भोजन, कोचिंग* तथा *शैक्षिक मार्गदर्शन* प्रदान करती है। महामना शिक्षण संस्थान केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक ही सीमित नहीं है, यह संस्था जीवन मूल्यों और व्यक्तित्व निर्माण पर भी विशेष बल देती है। यहाँ *प्रार्थना गीत, सप्तपथ, संस्कारिक गतिविधियाँ* और *अनुशासित दिनचर्या* का पालन अनिवार्य था, जिनका लाभ मुझे आज भी अपने जीवन में अनुभव होता है। संस्थान में अध्ययन के दौरान समय-समय पर *अनुभवी साधकों, विद्वान चिकित्सकों, योग्य इंजीनियरों* एवं *विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों* से प्राप्त मार्गदर्शन अत्यंत प्रेरणादायक रहा, जिससे न केवल मेरा *आत्मबल सुदृढ़* हुआ, बल्कि *आत्मविश्वास* में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

इन समस्त सहयोगों और अपने कठोर परिश्रम के बल पर मुझे *राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) दिल्ली* में *कंप्यूटर विज्ञान* शाखा में प्रवेश मिला। वहाँ की शिक्षा शुल्क का भी पूर्ण सहयोग संस्थान द्वारा किया गया, जिससे मेरी उच्च शिक्षा की राह पूरी तरह से सुगम हो सकी।

आज, मैं गर्व के साथ यह कह सकता हूँ कि मेरा चयन देश की दो प्रतिष्ठित IT कंपनियों – *Swiggy* और *MAQ Software* में हुआ है। वर्तमान में मैं *MAQ Software* में कार्यरत हूँ, और अपने जीवन के उस स्वप्न को साकार होते देख रहा हूँ जो कभी आर्थिक तंगी में खोता सा प्रतीत हो रहा था।

महामना शिक्षण संस्थान ने मुझे न केवल एक सक्षम विद्यार्थी बनाया, बल्कि जीवन जीने की सच्ची दिशा दी। मैं इस संस्था के प्रति हृदय से कृतज्ञ हूँ और जीवनभर इसके मूल्यों का सम्मान करता रहूँगा।

**सादर धन्यवाद !**



**प्रिया तिवारी**

**प्रिया तिवारी**

(वर्तमान में NIT पटना में संगणक विज्ञान और अभियांत्रिकी शाखा की छात्रा, बालिका प्रकल्प, महामना शिक्षण संस्थान, (प्रथम ऑफलाइन बैच) सत्र 2022–2024) -महामना शिक्षण संस्थान में बिताए गए दो वर्ष मेरे जीवन का सबसे महात्वपूर्ण समय रहा । मेरे घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से इंजीनिरिंग की उच्च शिक्षा प्राप्त करना मेरे लिए एक बड़ा सपना था और यह सपना महामना शिक्षण संस्थान ने साकार किया। यहाँ न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संसाधन मिले, बल्कि जीवन के उच्च आदर्शों, नैतिक मूल्यों और अनुशासन का भी बोध हुआ।

शिक्षकों और संस्थान के सदस्यों का मार्गदर्शन और सहयोग ने मेरे आत्मविश्वास को प्रबल किया। इस संस्थान में मिलने वाले प्रेरणादायक व्यक्तित्वों ने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं भी कुछ बड़ा कर सकती हूँ। मैं गर्व महसूस करती हूँ कि मुझे महामना संस्थान में पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ, और मैं इस संस्थान का हमेशा आभार व्यक्त करती रहूँगी।

**सादर धन्यवाद !**



***अनुभव मिश्रा,***
***कानपुर उन्नाव***

**मेरी हार्दिक कृतज्ञता महामना शिक्षण संस्थान के प्रति**

मैं, *अनुभव मिश्रा, कानपुर* के *उन्नाव* का निवासी, सन् **2019 से 2021** तक *महामना शिक्षण संस्थान* का छात्र रहा। इन दो वर्षों की यात्रा ने मेरे जीवन की दिशा ही बदल दी। मैं इस संस्था का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिसने मेरी कक्षा 11वीं और 12वीं की शिक्षा के दौरान न केवल मुझे IIT JEE Mains की तैयारी में मार्गदर्शन दिया, बल्कि मुझे एक बेहतर इंसान भी बनाया।

यहाँ के शिक्षकों की अटूट मेहनत, समर्पण और प्रेरणादायक शिक्षण पद्धतियाँ मेरी सफलता की नींव बनीं। उनका मार्गदर्शन और सकारात्मक दृष्टिकोण ने मुझे हर कठिनाई में दृढ़ बने रहने की शक्ति दी। इस संस्थान का अनुशासित वातावरण, निरंतर अभ्यास और वैचारिक मार्गदर्शन ने मेरी आत्मविश्वास और एकाग्रता को सशक्त किया।

केवल शैक्षणिक दृष्टि से ही नहीं, महामना शिक्षण संस्थान ने मुझे भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, विनम्रता, समय-प्रबंधन और अनुशासन की गहराई से समझ दी। यहाँ मैंने जीवन के उन मूल सिद्धांतों को सीखा जो आज भी मेरे व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन की राह को प्रशस्त करते हैं।

वर्तमान में, मैं *हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी* (HBTU) में *इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग* का अध्ययन कर रहा हूँ, और साथ ही मुझे *PhysicsWallah* जैसे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले संगठन के साथ कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह संतुलन बनाने की क्षमता और आत्मविश्वास *महामना शिक्षण संस्थान* से मिली मजबूत नींव का ही परिणाम है।

मैं सदैव *महामना शिक्षण संस्थान* का आभारी रहूँगा, जिन्होंने मेरे जीवन की दिशा तय की और मुझे वह इंसान बनने में मदद की, जो मैं आज हूँ।

**सादर धन्यवाद !**



**अंजलि जायसवाल,**
**लखीमपुर खीरी**

मैं अंजलि जायसवाल, लखीमपुर खीरी से हूँ और मैं महामना शिक्षण संस्थान बालिका प्रकल्प की दिल से आभारी हूँ, जिन्होंने कक्षा 11 और 12 (सत्र 2020–2022) के दौरान मेरी सहायता की। मुझे महामना शिक्षण संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को *निःशुल्क आवास, भोजन, कोचिंग* तथा *शैक्षिक मार्गदर्शन* प्रदान करती है। महामना शिक्षण संस्थान केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक ही सीमित नहीं है, यह संस्थान जीवन मूल्यों और व्यक्तित्व निर्माण पर भी विशेष बल देती है। IIT( JEE) परीक्षा की तैयारी के लिए क्लासेस, और छात्रवृत्ति ,पढ़ने की समस्त सामाग्री मुफ्त में प्रदान की गई , जिससे मैंने IIT JEE Mains की तैयारी सफलतापूर्वक की।

शिक्षकों के मार्गदर्शन, अनुशासन और प्रोत्साहन ने मुझे केंद्रित रहने और व्यक्तित्व विकास में मदद की। पढ़ाई के साथ-साथ मैंने भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों को भी सीखा, जैसे विनम्रता, समय का महत्व और सम्मान।

वर्तमान में, मैं एमएमएमयूटी, गोरखपुर से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही हूँ और मैं सीमेंस स्कॉलर भी हूँ। मैं हमेशा महामना संस्थान की आभारी रहूँगी जिन्होंने मेरी यात्रा को सही दिशा दी।

**सादर धन्यवाद !**



**शिवेन्द्र**
**लालगंज, रायबरेली (उ.प्र.)**

मेरा नाम शिवेन्द्र है।


मैं लालगंज, रायबरेली (उ.प्र.) का निवासी हूँ। मेरे पिताजी कृषक हैं। हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात मेरा चयन महामना शिक्षण संस्थान में हुआ। मैंने संस्थान से वर्ष 2019-2021 रहकर 11वीं और 12वीं के साथ-साथ IIT-JEE की तैयारी की। संस्थान में हमें पुस्तकें, कॉपी, कोचिंग तथा रहने-खाने की व्यवस्था निःशुल्क प्राप्त हुई।

संस्थान में पढ़ाई के साथ-साथ मुझे धर्म, संस्कार, जीवन में अनुशासन आदि की शिक्षा प्राप्त हुई, जो मुझे एक इंजीनियर बनने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान भी बनाती है। महामना के नाम से चल रहा यह प्रकल्प और भाऊराव देवरस जी के नाम से चल रहे न्यास, ये दोनों महापुरुषों के जीवन से हमें बहुत कुछ प्रेरणाएँ प्राप्त होती हैं। संस्थान से प्राप्त संस्कार हमें देश प्रेम व सामाजिक सेवा कार्य के लिए प्रेरित करते हैं।

मैं वर्तमान में महामना मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा का चतुर्थ वर्ष का छात्र हूँ। विश्वविद्यालय से हमें Cognizant IT कम्पनी में प्लेसमेंट प्राप्त हुआ। मैं भविष्य में M.Tech प्रवेश के लिए प्रयास कर रहा हूँ।

संस्थान से जीवन भर के लिए जुड़ना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। मैं संस्थान के समस्त सदस्यों को बहुत आभारी हूँ, जिनकी वजह से आज मैं अपने सपनों को साकार होता देख रहा  हूँ।

**सादर धन्यवाद !**



## दिव्या त्रिवेदी

**नमस्कार,**

मेरा नाम दिव्या त्रिवेदी है।मेरे पिता का नाम प्रमोद कुमार त्रिवेदी है। मेरे पिता एक कृषक है।मेरे दो भाई है।मै लालगंज रायबरेली की निवासी हूं। मुझे महामना  शिक्षण संस्थान का विद्यालय द्वारा पता चला। मैं महामना शिक्षण संस्थान की 2020 बैच की छात्रा हूं।मुझे महामना शिक्षण संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को *निःशुल्क आवास, भोजन, कोचिंग* तथा *शैक्षिक मार्गदर्शन* प्रदान करती है। महामना शिक्षण संस्थान केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक ही सीमित नहीं है, यह संस्था जीवन मूल्यों और व्यक्तित्व निर्माण पर भी विशेष बल देती है। IIT( JEE) परीक्षा की तैयारी के लिए क्लासेस, और छात्रवृत्ति ,पढ़ने की समस्त सामाग्री मुफ्त में प्रदान की गई। वर्तमान समय में छात्राओं के लिए आवास, भोजन की मुफ्त व्यवस्था है। मुझे JEE की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् आगे की पढ़ाई के लिए विद्यालय की समस्त शुल्क महामना शिक्षण संस्थान द्वारा दी गई।  मै NIT SRINAGAR से IT Branch से B.tech कर रही हूं। महामना शिक्षण संस्थान द्वारा हमे उत्तम शिक्षा और संस्कार दिए गए।मैं महामना शिक्षण संस्थान, सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को नमन करती हूं।

**सादर धन्यवाद !**



## वीरेंद्र कुमार

मेरा नाम वीरेंद्र कुमार है मैं महामना शिक्षण संस्थान में सत्र 2019 का छात्र हूं महामना शिक्षण संस्थान में रहकर मैंने मैं 11वीं और 12वीं क्लास के साथ-साथ NEET की तैयारी की है।

महामनाशिक्षण संस्थान में रहते हुए मेरी मुलाकात समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से हुई है वहां के लोगों के द्वारा दी गई शिक्षा का आज मैं अपने जीवन में लाभ देख रहा हूं वहां के लोगों के द्वारा सिखाए गए वचन मुझे आज भी जीवन में निरंतर वृद्धि की प्रेरणा देते रहते हैं महामना शिक्षण संस्थान के अध्यापकों ने हमें निरंतर मेहनत करने का पाठ पढ़ाया है।

मैं महामना शिक्षण संस्थान में रहकर सन 2022 में NEET परीक्षा क्वालीफाई किया हूं क्वालीफाई करने के बाद मैं राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या का छात्र हूं अभी मैं कॉलेज में तृतीय वर्ष का छात्र हूं उसके साथ ही मैं अपने कॉलेज में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन का सचिव हूं ।

यह संस्था कॉलेज के साथ मिलकर समाज के पिछड़े वर्ग को मुफ्त में इलाज प्रदान करती है और कॉलेज के छात्रों को मरीजों से मिलने का मौका देती है एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे में बताती है महामना शिक्षण संस्थान एक ऐसा प्लेटफॉर्म था जहां से मुझ में पिछड़े वर्ग के लोगों की सेवा करने का मोटिवेशन मिला।

**सादर धन्यवाद !**



**अजय कुमार**

**चरखारी, महोबा (उ.प्र.)**

मेरा नाम अजय कुमार है।

मैं कुरौरा डांग, चरखारी, महोबा (उ.प्र.) का निवासी हूँ। मेरे पिताजी कृषक हैं। हाईस्कूल की परीक्षा 2020 में उत्तीर्ण करने के पश्चात मेरा चयन महामना शिक्षण संस्थान में हुआ। मैंने संस्थान से वर्ष 2020–2022 तक रहकर 11वीं और 12वीं के साथ-साथ IIT-JEE की तैयारी की।

महामना शिक्षण संस्थान में पढ़ाई के साथ-साथ मैंने धर्म, संस्कार, जीवन में अनुशासन आदि की सीखा , जो मुझे एक इंजीनियर बनने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान भी बनाती है। संस्थान में हमें पुस्तकें, कॉपी, कोचिंग तथा रहने-खाने की व्यवस्था निःशुल्क प्राप्त हुई।

जेई मेंस की परफॉर्मेंस के आधार पर मुझे हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर में प्रवेश मिला।

जब मैं अपने कॉलेज के 1st Year में था, तब मेरा चयन प्रतिष्ठित Siemens Scholarship Program में हुआ, जो कि जर्मन ड्यूल एजुकेशन सिस्टम पर आधारित है। यह स्कॉलरशिप देशभर से चुने गए केवल 200 मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को दी जाती है। इस स्कॉलरशिप में चयन एक सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद होता है, जिसमें अकादमिक प्रदर्शन, तकनीकी समझ और साक्षात्कार शामिल होते हैं।

मैं वर्तमान में हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शाखा का तृतीय वर्ष (6th semester) का छात्र हूँ।

संस्थान से जीवन भर के लिए जुड़ना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

मैं संस्थान के समस्त सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनकी वजह से आज मैं अपने सपनों को साकार होते देख रहा हूँ।

**सादर धन्यवाद !**

॥ॐ॥

कामये दुःखतप्तानां प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्

# महामना शिक्षण संस्थान

## (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)



आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क पूर्ण आवासीय, IIT JEE\ NEET(PMT) कोचिंग प्रकल्प

## महामना शिक्षण संस्थान के प्रथम बैच (2019-21) के सफल विद्यार्थियों का विवरण

| कमांक | नाम | पिता का नाम | स्थान | पिता का व्यवसाय | संस्थान | शाखा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुभव मिश्र | श्री सूर्य कुमार मिश्रा | उन्नाव | मजदूर | HBTU KANPUR | ELECTRONICS |
| 2. | अनुराग गौतम | श्री अशोक कुमार | काकोरी | कृषक | NIT DELHI | COMPUTER SCIENCE |
| 3. | शिवेंद्र मौर्य | श्री जितेंद्र कुमार | रायबरेली | मजदूर | MMMUT. GORAKHPUR | ELECTRICAL |
| 4. | सूरज यादव | श्री ज्ञान चंद्र यादव | अंबेडकर नगर | मजदूर | MMMUT. GORAKHPUR | ELECTRICAL |
| 5. | रामजीवन | श्री सत्य प्रकाश शुक्ला | सीतापुर | मजदूर | MMMUT. GORAKHPUR | ELECTRICAL |



अनुभव मिश्रा



अनुराग गौतम



शिवेन्द्र मौर्य



सूरज यादव



राम जीवन

इन विद्यार्थियों ने महामना शिक्षण संस्थान का गौरव बढ़ाया है।
सभी विद्यार्थियों को भाऊराव देवरस सेवा न्यास और महामना शिक्षण संस्थान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

॥ॐ॥

कामये दुःखतप्तानां प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्



# महामना शिक्षण संस्थान

## (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क पूर्ण आवासीय, IIT JEE\ NEET(PMT) कोचिंग प्रकल्प

## महामना शिक्षण संस्थान के द्वितीय बैच (2020-22) के सफल विद्यार्थियों का विवरण

| क्रमांक | नाम | पिता का नाम | स्थान | पिता का व्यवसाय | संस्थान | शाखा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सचिन कुमार | श्री मुद्रिका | सीतापुर | कृषक | NIT HAMIRPUR | ELECTRICAL |
| 2. | विपिन कुमार | श्री सुनील कुमार | प्रयागराज | कृषक | NIT JALANDHAR | MECHENICAL |
| 3. | सात्विक | श्री जितेंद्र कुमार | झांसी | प्रधानाध्यापक | I.E.T. LUCKNOW | COMPUTER SCIENCE |
| 4. | अजय कुमार | श्री हरिप्रसाद पाल | महोबा | कृषक | H.B.T.U KANPUR | ELECTRONICS |
| 5. | विशाल गुप्ता | श्री महेश गुप्ता | गोरखपुर | कृषक | MMMUT. GORAKHPUR | ELECTRICAL |
| 6. | प्रशांत यादव | श्री विश्वनाथ | सुल्तानपुर | कृषक | MMMUT. GORAKHPUR | ELECTRICAL |
| 7. | विकास निषाद | श्री पप्पू निषाद | उन्नाव | कृषक | MMMUT. GORAKHPUR | ELECTRICAL |
| 8. | अभिषेक मिश्र | श्री अशोक कुमार | रायबरेली | कृषक | IERT PRAYAGRAJ | ELECTRONICS |
| 9. | संदेश सिंह | श्री अशोक कुमार | रायबरेली | कृषक | MMMUT. GORAKHPUR | MECHENICAL |
| 10. | वीरेंद्र कुमार | श्री देवनारायण | रायबरेली | मजदूर | R.D.A.MEDICAL COL. AYODHYA | M.B.B.S. |
| 11. | दिव्या त्रिवेदी | प्रमोद कुमार | रायबरेली | कृषक | NIT SHRINAGAR | IT |
| 12. | नीतू यादव | श्री बृजराज | अंबेडकरनगर | कृषक | AITH KANPUR | ELECTRONICS |



सचिन कुमार | विपिन कुमार | सात्विक बाजपेई | अजय कुमार | विशाल गुप्ता | द्विव्या त्रिवेदी

प्रशांत यादव | विकास निषाद | अभिषेक मिश्र | सन्देश सिंह | वीरेन्द्र कुमार | नीतू यादव

इन विद्यार्थियों ने महामना शिक्षण संस्थान का गौरव बढ़ाया है।
सभी विद्यार्थियों को भाऊराव देवरस सेवा न्यास और महामना शिक्षण संस्थान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

11ॐ11

कामये दुःखतप्तानां प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्

# महामना शिक्षण संस्थान



## (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क पूर्ण आवासीय, IIT(JEE)\NEET(PMT) कोचिंग प्रकल्प

## महामना शिक्षण संस्थान के तृतीय बैच (2021-23) के सफल विद्यार्थियों का विवरण

| क्रमांक | नाम | पिता का नाम | स्थान | पिता का व्यवसाय | इंजीनियरिंग संस्थान | शाखा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्कर्ष तिवारी | श्री विशाल तिवारी | प्रतापगढ़ | कृषक | NIT RAIPUR | COMPUTER SCIENCE |
| 2. | धीरज गुप्ता | श्री महेश गुप्ता | गोरखपुर | कृषक | NIT JAMSHEDPUR | MECHANICAL |
| 3. | शेखर भारद्वाज | श्री रमेश चन्द्र शर्मा | बरेली | कृषक | NIT SRINAGAR | CHEMICAL |
| 4. | अनुकर मिश्र | श्री दिनेश कुमार मिश्र | गोण्डा | कृषक | H.B.T.U. KANPUR | CHEMICAL |
| 5. | दीपक साहू | श्री सोहनलाल साहू | लखनऊ | श्रमिक | MMMUT. Gorakhpur | ELECTRONICS |
| 6. | पंकज यादव | श्री पन्नेलाल यादव | बलिया | कृषक | MMMUT. Gorakhpur | ELECTRONICS |
| 7. | वैभव प्रताप सिंह | श्री बसन्त सिंह | सुल्तानपुर | कृषक | MMMUT. Gorakhpur | ELECTRONICS |
| 8. | अमन वर्मा | श्री रंजीत वर्मा | सीतापुर | कृषक | MMMUT. Gorakhpur | ELECTRONICS |
| 9. | विशाल सिंह यादव | श्री श्याम राज यादव | प्रतापगढ़ | कृषक | MMMUT. Gorakhpur | ELECTRICAL |
| 10. | ऋषभ वर्मा | श्री बाल कुमार वर्मा | लखीमपुर-खीरी | कृषक | MMMUT. Gorakhpur | ELECTRICAL |
| 11. | अंजली जायसवाल | श्री प्रेमलाल जायसवाल | लखीमपुर-खीरी | कृषक | MMMUT. Gorakhpur | COMPUTER SCIENCE |
| 12. | सुनैना भारती | श्री राम भारती | लखनऊ | कृषक | MMMUT. Gorakhpur | ELECTRICAL |


























इन विद्यार्थियों ने महामना शिक्षण संस्थान का गौरव बढ़ाया है।
सभी विद्यार्थियों को भाऊराव देवरस सेवा न्यास और महामना शिक्षण संस्थान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

॥ॐ॥

कामये दुःखतप्तानां प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्



# महामना शिक्षण संस्थान

## (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए नि:शुल्क पूर्ण आवासीय, IIT JEE\ NEET(PMT) कोचिंग प्रकल्प

## महामना शिक्षण संस्थान के चतुर्थ बैच (2022-24) के सफल विद्यार्थियों का विवरण

| क्रमांक | नाम | पिता का नाम | स्थान | पिता का व्यवसाय | शाखा | इंजीनियरिंग संस्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्तिकेय तिवारी | श्री लालजी तिवारी | सुल्तानपुर | कृषक | Electronics | NIT UttaraKhand |
| 2. | अमन शुक्ल | श्री सत्यप्रकाश शुक्ल | सीतापुर | कृषक | Mechanical | NIT Jalandhar |
| 3. | परीक्षित देशवाल | श्री हरेन्द्र सिंह | शामली | कृषक | Chemical | NIT Srinagar |
| 4. | अक्षित कुमार | श्री मनोज कुमार | बिजनौर | कृषक | Mechanical | MMMUT Gorakhpur |
| 5. | श्रीयुश गुप्ता | श्री अशोक गुप्ता | सोनभद्र | कृषक | Computer Science | Lucknow University |
| 6. | आर्यन कुमार | श्री बृजमोहन | बिजनौर | कृषक | Computer Science | Lucknow University |
| 7. | शिवांश तिवारी | स्व. दिलीप कुमार | जौनपुर | - | Computer Science (AI) | Lucknow University |
| 8. | मोहित कुमार | श्री साहबदीन | अमेठी | कृषक | Computer Science (AI) | Lucknow University |
| 9. | उत्कर्ष सिंह | श्री अवधेश कुमार | सीतापुर | कृषक | Computer Science (AI) | Lucknow University |
| 10. | अर्पित शुक्ल | श्री अमूल्य शुक्ल | लखीमपुर खीरी | कृषक | Computer Science | NTC Ghaziyabad |
| 11. | अरिहंत शुक्ल | श्री पंकज शुक्ल | लखीमपुर खीरी | कृषक | Computer Science | NTC Ghaziyabad |
| 12. | कार्तिकेय मिश्रा | श्री सुमित मिश्रा | लखनऊ | कृषक | Computer Science (AI & FM) | Dr. Shakuntala Mishra National Rehabilitation University, Lucknow |
| 13. | प्रिया तिवारी | श्री सुशील तिवारी | फतेहपुर | कृषक | Computer Science | NIT Patna |


कार्तिकेय तिवारी


अमन शुक्ल


परीक्षित देशवाल


अक्षित कुमार


श्रीयुश गुप्ता


आर्यन कुमार


शिवांश तिवारी


मोहित कुमार


उत्कर्ष सिंह


अर्पित शुक्ल


अरिहंत शुक्ल


कार्तिकेय मिश्रा


प्रिया तिवारी

इन विद्यार्थियों ने महामना शिक्षण संस्थान का गौरव बढ़ाया है। सभी विद्यार्थियों को भाऊराव देवरस सेवा न्यास और महामना शिक्षण संस्थान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

ॐ

कामये दुःखतप्तानां प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्

# महामना शिक्षण संस्थान



## ( भाऊराव देवरस सेवा न्यास )

आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क पूर्ण आवासीय, IIT JEE\ NEET(PMT) कोचिंग प्रकल्प

## महामना शिक्षण संस्थान के पंचम बैच (2023-25) के सफल विद्यार्थियों का विवरण


| क्रमांक | नाम | पिता का नाम | स्थान | पिता का व्यवसाय | ऑल इण्डिया पर्सेंटाइल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुराग यादव | श्री बुधई लाल | रायबरेली | कृषक | 94.96% |
| 2 | अल्पांश पाण्डेय | श्री अखिलेश पाण्डेय | अमेठी | कृषक | 92.13% |
| 3 | आदित्य गुप्ता | श्री संजय गुप्ता | लखीमपुर | कृषक | 90.10% |
| 4 | यतेन्द्र मिश्रा | श्री राहुल मिश्रा | लखनऊ | कृषक | 88.59% |
| 5 | शिवानन्द चतुर्वेदी | श्री राम मूर्ति चतुर्वेदी | अयोध्या | कृषक | 86.70% |
| 6 | अमनदीप मिश्रा | श्री विजय प्रकाश मिश्रा | सुल्तानपुर | कृषक | 84.33% |
| 7 | आशुतोष मिश्रा | श्री ओम प्रकाश मिश्रा | प्रतापगढ़ | कृषक | 84.04% |
| 8 | अभिनव जोशी | श्री भारत भूषण जोशी | लखनऊ | कृषक | 82.33% |
| 9 | आशुतोष पाण्डेय | श्री प्रमोद पाण्डेय | प्रतापगढ़ | कृषक | 80.13% |
| 10 | विकास वर्मा | श्री प्रदीप कुमार वर्मा | सीतापुर | कृषक | 79.97% |
| 11 | राज कुमार यादव | श्री नन्दलाल यादव | गाजीपुर | कृषक | 78.6% |
| 12 | विभव पाण्डेय | श्री संतोष पाण्डेय | बांदा | कृषक | 78.26% |
| 13 | श्रेय सोनी | श्री राजेश कुमार सोनी | रायबरेली | कृषक | 74.81% |


अनुराग यादव


अल्पांश पाण्डेय



आदित्य गुप्ता


यतेन्द्र मिश्रा


शिवानन्द चतुर्वेदी


अमनदीप मिश्रा



आशुतोष मिश्रा



अभिनव जोशी


आशुतोष पाण्डेय


विकास वर्मा


राज कुमार यादव


विभव पाण्डेय


श्रेय सोनी

इन विद्यार्थियों ने महामना शिक्षण संस्थान का गौरव बढ़ाया है। सभी विद्यार्थियों को भाऊराव देवरस सेवा न्यास और महामना शिक्षण संस्थान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# Meritorious students excel thanks to free coaching facility

TIMES NEWS NETWORK



16 students scored high percentiles in the JEE Mains results

**Lucknow:** Free coaching classes imparted by Mahamana Shikshan Sansthan (MSS) in Lucknow's Arjunganj helped at least 16 students score high percentiles in the JEE Mains results.

Anurag Yadav from Rae Bareli, Alpansh Pandey from Amethi and Aditya Gupta from Lakhimpur Kheri, scored over 90 percentiles while others cleared the exam with flying colours. They were taught at Mahamana Shikshan Sansthan, run by Bhaurao Deoras Seva Nyas, which provided free JEE Mains coaching for two years in classes 11 and 12. These students come from humble backgrounds. MSS secretary and IIT-BHU alumnus Ranjeev Tiwari said, "In JEE Mains, the institute provided free coaching to 16 students of whom 13 cleared the exam in first attempt. Out of 13 successful students, three scored over 90 percentile."

"MSS, in Arjunganj, has been helping students since 2019, providing free coaching to meritorious students from economically weaker sections for engineering and medical entrance examinations. Such students are provided value-based education for classes 11 and 12 along with guidance for competitive examinations," he said.

Admission process for 2025-26 will start on May 1. Online applications can be submitted at www.mahamanasansthan.org.

# ने हासिल की शानदार सफलता



र्जुनगंज मे पढ़ने वाले 13 विद्यार्थियो ने भी जेईई मेन्स मे लहराया परचम •संस्थान

कहा कि ज्यादा किताबें देखकर भ्रमित होने की बजाय एक ही स्रोत पर टिके रहना बेहतर रणनीति है।

**महामना के 13 विद्यार्थी पहले प्रयास में ही हुए सफल :** समाज के सहयोग से भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित महामना शिक्षण संस्थान अर्जुनगंज में पढ़ने वाले 13 विद्यार्थियों ने पहले प्रयास में सफलता हासिल की है। ये ऐसे विद्यार्थी है, जिन्हें महामना शिक्षण संस्थान ने 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के साथ साथ दो वर्षों तक निश्शुल्क जेईई मेंस कोचिंग दी। इनमें से किसी के पिता कृषक, किसी के दैनिक श्रमिक है। इन सफल 13 में से तीन छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित की है। अनुराग यादव की 95, अल्पांश पांडेय की 92, आदित्य गुप्ता की 90, सत्येंद्र मिश्रा की 89, शिवानंद की 87, अमनदीप की 84, आशुतोष मिश्रा की 84, अभिनय जोशी की 82, आशुतोष पांडे की 80, विकास वर्मा की 80, राजकुमार यादव की 79, वैभव पांडेय की 78, श्रेय सोनी की 75 परसेंटाइल है। महामना शिक्षण संस्थान के सचिव और आइआइटी (बीएचयू) के पूर्व छात्र रंजीव तिवारी ने बताया कि 2025 के जेईई मेंस की परीक्षा में संस्थान द्वारा गणित समूह के कुल 16 छात्रों को निश्शुल्क कोचिंग प्रदान की गई, जिनमें से 13 छात्रों ने प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की।

नगर की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

**जागरण विशेष**

# संस्कारयुक्त शिक्षा संग बेहतर भविष्य की नींव गढ़ रहे बीएचयू के पूर्व छात्र

## लखनऊ स्थित महामना शिक्षण संस्थान में आर्थिक रूप से कमजोर मेधावियों के स्वप्न हो रहे पूरे, उच्च शिक्षा की फीस भी देता संस्थान

विवेक राव • जागरण



अर्जुनगंज महामना शिक्षण संस्थान के बालक प्रकल्प में अभ्यास के लिए बैठे विद्यार्थी • जागरण

लखनऊ : रायबरेली के गरीब किसान की बेटी दिव्या त्रिवेदी आज एनआइटी श्रीनगर से बीटेक कर रही है। अंबेडकरनगर की नीतू कानपुर से इंजीनियरिंग कर रहीं हैं। फतेहपुर के श्रमिक की बेटी प्रिया ने अभी जेईई मेन में 98.04 परसेंटाइल हासिल की है। सुल्तानपुर के गरीब किसान के बेटे कार्तिकेय ने जेईई मेन में 98.3 परसेंटाइल ली है। ऐसे कई मेधावी, जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि वह अपने बेटे और बेटियों को इंजीनियरिंग या मेडिकल की तैयारी कराने और उसमें प्रवेश दिलाने के विषय में सोच नहीं सकते थे। उनके बच्चों को मंजिल तक पहुंचाने की कोशिश लखनऊ के महामना शिक्षण संस्थान में हो रही हैं। यहां मेधावी 11वीं और 12वीं की संस्कार युक्त शिक्षा के साथ निश्शुल्क इंजीनियरिंग और मेडिकल की कोचिंग भी लेते हैं। संस्थान के बालक और बालिका प्रकल्प में देश भर के ऐसे मेधावियों सफल बनाकर मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।

बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के कुछ पूर्व छात्र, जिसमें कई इंजीनियर, डाक्टर, प्रशासनिक अधिकारी, प्रोफेसर आदि कई प्रोफेशन से जुड़े लोगों ने महामना शिक्षण संस्थान को स्थापित कर संस्कारयुक्त शिक्षा देने और इंजीनियरिंग, मेडिकल की परीक्षाओं की निश्शुल्क तैयारी कराने की शुरुआत की है। भाऊराव देवरस सेवा न्यास से संचालित अर्जुनगंज में संस्थान के बालक प्रकल्प में छात्रों और माल एवेन्यू में बालिका प्रकल्प में छात्राओं को निश्शुल्क आवास, आइआइटी-जेईई और नीट- मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग की सुविधा दी गई है। यहां रहते हुए छात्र-छात्राएं 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के साथ मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर रहे हैं। इन बच्चों को बीएचयू के पूर्व छात्र इंजीनियर आदित्य और विशेषज्ञ निश्शुल्क कोचिंग देते हैं।

**मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते हैं विद्यार्थी:** संस्थान के सचिव रंजीव तिवारी बताते हैं कि 10वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले बच्चों को यहां प्रवेश दिया जाता है। इसके लिए उनकी एक कोर टीम भी है जो बच्चे की प्रतिभा का आकलन भी करती है, साथ ही उस परिवार की आर्थिक स्थिति भी एक टीम देखती है। जो बेहद गरीब परिवार के मेधावी बच्चों को चुनते हैं। संस्थान में निश्शुल्क कोचिंग के साथ निश्शुल्क भोजन, आवास और कंप्यूटर, इंटरनेट और कक्षा 11वीं और 12वीं की संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ निश्शुल्क कोचिंग की सुविधा है। आइआइटी, मेडिकल के पूर्व सफल विद्यार्थियों, विषय विशेषज्ञों और प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी भी बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं। मोबाइल इस्तेमाल करने पर भी रोक रहती है।

### अच्छा है संस्थान की सफलता का प्रतिशत

अभी तक चार बैच यहां से निकल चुके हैं। सफलता का ग्राफ देखें तो वर्ष 2021 में सात विद्यार्थियों में पांच, वर्ष 2022 में 13 में से 10, वर्ष 2023 में 14 में से 13 और इस बार वर्ष 2024 में 18 में से 15 विद्यार्थियों ने पहले प्रयास में जेईई मेन क्वालीफाई किया। कई छात्र देश के अलग- अलग आइआइटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनका पूरा खर्च संस्थान के सदस्य उठाते हैं। एक अभिभावक की तरह उनके परिवार के साथ भी जुड़े हुए हैं। पिछले तीन वर्ष में संस्थान से निकले 30 से अधिक विद्यार्थी देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से बीटेक, एमबीबीएस की उच्च डिग्री ले रहे हैं। विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस की व्यवस्था संस्थान समाज के सहयोग से करता है।

### चार जून तक आवेदन

सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू है। प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन वेबसाइट www.mahamanasansthan.org पर किया जा सकता है। 10वीं 80 प्रतिशत से उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी 11वीं में प्रवेश चाहते हैं, तो यहां के लिए आवेदन कर सकते हैं। परिवार की वार्षिक आय दो लाख 50 हजार रुपये से कम होनी चाहिए। आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि चार जून, 2024 है। प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा के लिए योग्य विद्यार्थियों की सूची संस्थान की वेबसाइट पर छह जून को जारी होगी।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।


# निर्धन परिवारों के मेधावियों ने पाई सफलता

**15** छात्र और चार छात्राओं ने पास किया जेईई मेन


प्रिया तिवारी


हर्षिता शर्मा


प्रतिज्ञा तिवारी


आकांक्षा शुक्ला



महामना शिक्षण संस्थान के मेधावी • संस्थान

**जागरण संवाददाता • लखनऊ :** भाऊराव देवरस सेवा न्यास की ओर से संचालित महामना शिक्षण संस्थान अर्जुनगंज में पढ़ने वाले निर्धन परिवारों के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जेईई मेन की परीक्षा में परचम लहराया है। इनमें 15 छात्र और चार छात्राएं शामिल हैं। खास बात ये है कि इनमें से किसी के पिता छोटे किसान हैं तो किसी के श्रमिक। गुरुवार को जैसे ही जेईई मेन के परिणाम आए तो इन होनहारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

दरअसल, महामना शिक्षण संस्थान में हर साल निर्धन परिवारों के मेधावी बच्चों का चयन कर उन्हें 11वीं कक्षा से ही आइआइटी जेईई और नीट (पीएमटी) की निश्शुल्क कोचिंग दी जाती है। संस्थान के संस्थान के सचिव रंजीव तिवारी ने बताया कि इस बार गणित समूह के 18 छात्रों में 15 जेईई में पहली बार में सफलता पाई है। इनमें से तीन ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक और आठ छात्रों ने 88 पर्सेंटाइल से अधिक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। कार्तिकेय ने 98.31 पर्सेंटाइल, अमन ने 97.42 तथा परीक्षित देशवाल ने 95.53 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। संस्थान के बालिका प्रकल्प की संयोजिका डा. अणिमा जामवाल ने बताया कि बालिकाओं में प्रिया ने 98.03 पर्सेंटाइल हासिल किए। तीन और बालिकाएं आकांक्षा, प्रतिज्ञा और हर्षिता ने दूसरे प्रयास में 90 से ऊपर पर्सेंटाइल पाकर सफल रही हैं।

**उच्च शिक्षा की फीस भी संस्थान देता है :** इन सभी सफल विद्यार्थियों को देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश मिल सकेगा। इनकी आगे की फीस भी संस्थान ही वहन करता है। इस कोचिंग में बिजनौर, बलिया, कुशीनगर, सोनभद्र, बांदा, महोबाद, खीरी, सीतापुर, रायबरेली से लेकर बिहार, असम सहित अन्य जगह के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ऐसे गरीब परिवारों के मेधावी विद्यार्थी पढ़ते हैं जो धनाभाव एवं संसाधनों की कमी के कारण तैयारी नहीं कर पाते।

## संस्थान में नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

महामना शिक्षण संस्थान ने आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए नए सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दिया है। प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन वेबसाइट www.mahamanasansthan.org पर किया जा सकता है। संस्थान के सचिव रंजीव तिवारी बताते हैं कि इस निशुल्क कोचिंग मे प्रवेश के लिए वर्ष 2024 मे 10वीं की परीक्षा मे 80 प्रतिशत अंक या उससे अधिक, परिवार की आय ढाई लाख रुपये सालाना होनी चाहिए। चयनित छात्र-छात्राओं की तैयारी 11वीं कक्षा से कराई जाती है। चार जून तक आवेदन का मौका है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनितों का सम्मान

जासं, लखनऊ: भाऊराव देवरस सेवा न्यास की ओर से संचालित महामना शिक्षण संस्थान के शैक्षणिक सत्र 2023-24 का स्वागत एवं पूर्व विद्यार्थी अलंकरण समारोह रविवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आइआइटी पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह ने नीट और जेईई परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले महामना शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित महामना शिक्षण संस्थान के सत्र 2023-24 का स्वागत एवं पूर्व विद्यार्थी अलंकरण समारोह में मौजूद विद्यार्थी • सौ. संस्थान

निदेशक प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि आइआइटी पटना में अगर महामना शिक्षण संस्थान के किसी भी मेधावी का चयन होता है तो उसकी पूरी फीस की व्यवस्था वह स्वयं वहन करेंगे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने महामना शिक्षण संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यहां छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ उनके नैतिक पक्ष पर भी कार्य करते हुए उनमें 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का संचार किया जा रहा है।

**प्रशस्ति पत्र देकर दिलाई प्रतिज्ञा :** विशिष्ट अतिथि एकेटीयू की डीन डा. वंदना सहगल ने नीट और जेईई में सफल छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। पूर्व आइपीएस, सूचना आयुक्त एवं महामना शिक्षण संस्थान के संरक्षक पीके तिवारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित करने के साथ ही नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा दिलाई। यहां राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, पूर्व डीजीपी बृजलाल, बालिका प्रकल्प की संयोजक अणिमा जामवाल, संस्थान के सचिव रंजीव तिवारी, भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, न्यास के सचिव राहुल सिंह मौजूद रहे।